न्यायालय सहायक कलक्टर (फास्ट–ट्रेक) कपासन, जिला चित्तौडगढ

पीठासीन अधिकारी मणीलाल तीरगर (आर०ए०एस०)

प्रकरण संख्या / 521 / 2025 वाद **दायर दिनांक 06.08.2025**

1. उदयराम पिता चम्पालाल जाति ब्राह्मण आयु वयस्क निवासी बनाकिया खुर्द तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ (राज.)।

उनवान

1. गोपीलाल पिता भूरालाल जाति ब्राह्मण सुखवाल आयु वयस्क निवासी बनाकिया खुर्द तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ (राज.)।
2. चुन्नीलाल पिता भूरालाल जाति ब्राह्मण सुखवाल आयु वयस्क निवासी बनाकिया खुर्द तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ (राज.)।
3. बंशीलाल पिता भूरालाल जाति ब्राह्मण सुखवाल आयु वयस्क निवासी बनाकिया खुर्द तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ (राज.)।
4. सुरेश पिता भूरालाल जाति ब्राह्मण सुखवाल आयु वयस्क निवासी बनाकिया खुर्द तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ (राज.)।
5. मृत्तक सुन्दर बाई पत्नी भूरालाल जाति ब्राह्मण सुखवाल के बजाय–
   5/1– गोपीलाल पिता भूरालाल जाति ब्राह्मण सुखवाल आयु वयस्क निवासी बनाकिया खुर्द तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ (राज.)।
   5/2– चुन्नीलाल पिता भूरालाल जाति ब्राह्मण सुखवाल आयु वयस्क निवासी बनाकिया खुर्द तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ (राज.)।
   5/3– बंशीलाल पिता भूरालाल जाति ब्राह्मण सुखवाल आयु वयस्क निवासी बनाकिया खुर्द तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ (राज.)।
   5/4– सुरेश पिता भूरालाल जाति ब्राह्मण सुखवाल आयु वयस्क निवासी बनाकिया खुर्द तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ (राज.)।
   5/5– रूपी पिता भूरालाल पत्नी मदन जाति ब्राह्मण सुखवाल आयु वयस्क निवासी कल्याणपुरा, पाण्डोली स्टेशन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ (राज.)।
   5/6– मुन्नी पिता भूरालाल पत्नी किशन जाति सुखवाल आयु वयस्क निवासी भीमगढ तहसील राशमी जिला चित्तौडगढ (राज.)।
   5/7– कैलाशीबाई पुत्री भूरालाल पत्नी अर्जुन जाति सुखवाल आयु वयस्क निवासी जाडाणा तहसील राशमी जिला चित्तौडगढ (राज.)।
6. तहसीलदार, तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ (राज.)

उपस्थितिः– अधिवक्ता श्री ठाकुर प्रसाद व्यास –वादी
एकतरफा –प्रतिवादी सं0 1 से 5

–: वाद पत्र अन्तर्गत 53, 188, 209 आर.टी.एक्ट :–

निर्णय दिनांकः 20.01.2026

–:निर्णयः–

संक्षिप्त में विवरण इस प्रकार है कि वादी एवं प्रतिवादी के संयुक्त खातेदारी एवं कब्जे काश्त उपयोग उपभोग की आराजीयात मौजा बनाकिया खुर्द पटवार हल्का सिंहपुर तहसील व जिला

सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक), कपासन

चित्तौडगढ मे स्थित हाल खाता संख्या 13 के आराजी संख्या 1043, 1044, 1318, 539, 543, 76, 80, 81, 86 कुल किता 09 कुल रकबा 3.31 हैक्ट0 स्थित है। व निवेदन किया कि पक्षवादी विरूद्व प्रतिवादीगण निम्न आशय की डिक्री प्रदान करायी जावे कि पक्ष वादी विरूद्व प्रतिवादी वाद पत्र की चरण संख्या 1 मे वर्णित आराजियात वादी व प्रतिवादी कि संयुक्त खातेदारी की होकर वादी का उपरोक्त आराजियात मे 1/2 हक हिस्सा निहित होकर दर्ज रेकॉर्ड है व प्रतिवादीगण संख्या–1 से लगातार 5/7 अलग अलग हक हिस्सा दर्ज कर मौके पर कब्जे अनुसार बंटवाडा किया जाकर अलग अलग आराजी नम्बर अंकित किये जाने एवं अलग लगान कायम की जाने हेतु प्राथमिक एवं अन्तिम डिकी प्रदान करायी जावे।

हमने वाद पत्र दर्ज रजिस्टर कर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया। प्रतिवादी संख्या 1 से 5/5 तक के विरूद्ध बावजूद सूचना के हाजिर नहीं आने से पूर्व में दिनांक 08.09.2022 को एकतरफा कार्यवाही अमल में लायी गयी। प्रतिवादी संख्या 5/6, 5/7 के विरूद्ध बावजूद सूचना के हाजिर नहीं आने से दिनांक 07.01.2025 को एकतरफा कार्यवाही अमल में लायी गयी।

उक्त वाद पत्र में दिनांक 07.01.2025 को प्राथमिक रूप से स्वीकार किया जाकर प्राथमिक डिक्री जारी की गई। जिस पर तहसीलदार कपासन द्वारा बटवाडा रिपोर्ट दिनांक 07.11.2025 से प्रस्तुत की गई। बहस वादी अधिवक्ता सुनी गई। वकील वादी द्वारा तहसीलदार कपासन से प्राप्त बटवाडा रिपोर्ट अनुसार अंतिम डिक्री किये जाने में कोई आपत्ति प्रस्तुत नही की व अंतिम डिक्री किये जाने का निवेदन किया गया। अतः वादी अधिवक्ता के निवेदन को स्वीकार किया जाकर आज दिनांक 20.01.2026 को वाद पत्र स्वीकार किया जाकर अन्तिम रूप से डिकी इस आशय की दी जाती है की मौजा बनाकिया खुर्द पटवार हल्का सिंहपुर तहसील व जिला चित्तौडगढ मे स्थित हाल खाता संख्या 13 के आराजी संख्या 1043, 1044, 1318, 539, 543, 76, 80, 81, 86 कुल किता 09 कुल रकबा 3.31 हैक्ट0 स्थित है, में तहसीलदार कपासन से प्राप्त बटवाडा रिपोर्ट दिनांक 07.11.2025 के अनुसार निम्नानुसार बटवाडा किया जाता है–

1. उदयराम पिता चम्पालाल जाति ब्राहम्ण सा0 देह खातेदार,

क.स.	आ0स0	रकबा (है0)	किस्म
1	80	0.15	पडत 1
2	81	0.32	पडत 1
3	86/1	0.03	पडत 1
4	539	0.96	चाही 3
5	543	0.16	चाही 3
योग	कुल किता–05	1.62	

2. गोपीलाल, चुन्नीलाल, बन्शीलाल, सुरेश पिता भुरालाल ब्राहम्ण सा0 देह खातेदार

क.स.	आ0स0	रकबा (है0)	किस्म
1	86/2	0.37	पडत 1
2	76	0.23	पडत 1
3	1043	0.64	चाही 1
4	1044	0.05	चाही 1 0.03 पडत 1 0.02
5	1318	0.40	नहरी 4
योग	कुल किता–05	1.69	

तदनुसार अंकन हो। रहन बदस्तुर रहे। खर्चा पक्षकारान अपना–अपना वहन करेगें, अंतिम पर्चा डिक्री जारी हो व पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। निर्णय मेरे द्वारा आज दिनांक 20.01.2026 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(सहायक कलेक्टर)
सहायक कलेक्टर
(फास्ट ट्रैक), कपासन
(फास्ट–ट्रेक) कपासन